भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **2933**
दिनांक 5 दिसम्बर, 2019 / 14 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**अत्यधिक विमान किराया**

**2933. प्रो. अच्युतानंद सामंतः**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि अत्यधिक मांग वाली अवधि के दौरान विमान कम्पनियां अत्यधिक किराया वसूल रही हैं यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस पर क्या कार्रवाई की गई है;
(ख) क्या सरकार का प्रत्येक गंतव्य के लिए अधिकतम टिकट शुल्क तय करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और मामले में अब तक क्या कार्रवाई की गई है; और
(ग) क्या सरकार को जानकारी है कि कम्पनियां उड़ानों को रद्द करने और अत्यधिक देरी के दौरान यात्रियों को आवास और भोजन नहीं दे रही हैं और यदि हां, तो सरकार द्वारा वांछित सेवा प्रदान करने के लिए की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) (श्री हरदीप सिंह पुरी )**

(क) से (ग): विद्यमान विनियमों के अनुसार, सरकार द्वारा हवाई किराया, न तो स्थापित किया जाता है और न ही विनियमित किया जाता है। वायुयान नियमावली 1937 के नियम 135 के उपनियम (1) के प्रावधान के तहत, अनुसूचित विमान सेवाएं प्रदान करने वाले प्रत्येक विमान परिवहन प्रदाता से, प्रचालन की लागत, सेवाओं की विशिष्टता, औचित्यपरक मुनाफा तथा सामान्य प्रचलित टैरिफ सहित सभी संबद्ध घटकों को विचार में लेकर किराया सूची स्थापित करने की अपेक्षा की गई है। एअरलाइनें उक्त नियम के अनुपालन के अधीन अपनी परिचालन व्यवहार्यता के अनुसार उचित विमान किराया ले सकती हैं। एअरलाइनों की मूल्य निर्धारण प्रणाली कई स्तरों (बकट अथवा रिजर्वेशन बुकिंग डेसिगनेटर) मे चलती है, जो विश्व स्तर के प्रचालन के अनुरूप है। एअरलाइनों द्वारा किराए, बाजार, मांग, मौसमियता और अन्य बाजार बलों को ध्यान में रखते हुए तय किए जाते हैं। सीट की मांग में वृद्धि के साथ विमान किराया बढ़ता है। कुछ एयरलाइनें व्यस्ततम अवधि के दौरान भी यात्रा करने वालों को रियायती किराए पर अग्रिम खरीद (एपेक्स किराया) की पेशकश करते हैं। किराए एयरलाइनों की वेबसाइटों पर उपलब्ध है। एयरलाइनें प्रचलित विनियमन के अनुरूप है

जब तक कि उनके द्वारा वसूला जाने वाला विमान किराया, उनकी वेबसाइट पर प्रदर्शित किराए के अनुरूप हो।

नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) ने "बोर्डिंग से मना किए जाने, उड़ान रद्दीकरण और उड़ान में देरी के कारण एअरलाइनों द्वारा यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाना" शीर्षक के अंतर्गत नागर विमानन अपेक्षाएँ (CAR) खंड 3, श्रंखला एम, भाग IV जारी की है। नागर विमानन अपेक्षाओं (CAR) के अनुसार, प्रभावित यात्रियों को एयरलाइनों द्वारा मुआवजा और सुविधा दी जानी आवश्यक है। पिछले 06 महीनों (मई, 2019 से अक्टूबर, 2019) के दौरान उड़ान रद्दीकरण /उड़ानों में होने वाली देरी के कारण मुआवजा/सुविधाएं देने के संबंध में प्रभावित यात्रियों की संख्या का एयरलाइन-वार विवरण अनुबंध के रूप में संलग्न है।

इसके अतिरिक्त, पारदर्शिता को बनाए रखने के मद्देनजर, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) यह सुनिश्चित करने के लिए कि एयरलाइनें उनके द्वारा घोषित सीमा से अधिक किराया नहीं वसूले, यादृच्छिक आधार पर कुछ चयनित मार्गों के विमान किराए की निगरानी करता है। डीजीसीए द्वारा की गई किराया निगरानी विश्लेषण से पता चला है कि हाल की अवधि के दौरान किराए एयरलाइनों द्वारा संबंधित वेबसाइट पर अपलोड की गई किराया बकेट के भीतर ही रहे। किसी मामले में, यदि कोई भी किराया वृद्धि देखी जाती है, तो नागर विमानन मंत्रालय / डीजीसीए आवश्यक हस्तक्षेप हेतु एयरलाइनों को सूचित करता है।

*****

**अनुबन्ध**

**लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2933 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**उड़ानों के रद्द होने और देरी के कारण प्रभावित यात्रियों की संख्या के संबंध में एयरलाइन-वार विवरण**

**मई -19**

| एयरलाइन | रद्द | | देरी से 2 घंटे | |
|---|---|---|---|---|
| | प्रभावित पैक्स की संख्या | सुविधाओं और मुआवजे की स्थिति (लाख में) | प्रभावित पैक्स की संख्या | सुविधाओं की स्थिति (लाख में) |
| एयर इंडिया | 4767 | 17.72 | 32,635 | 37.74 |
| पवन हंस | - | - | 16 | 0.47 |
| स्पाइसजेट | 6732 | 27.78 | 43450 | 69.71 |
| गो एयर | 233 | - | 1574 | - |
| इंडिगो | 1346 | 0.26 | 32547 | - |
| एयर एशिया | 1785 | 0.13 | 4005 | 10.53 |
| विस्तारा | 878 | 0.40 | 7154 | - |
| स्टार एयर | 82 | - | - | - |
| ट्रुजेट | 125 | 1.18 | - | - |
| एयर डेक्कन | - | - | - | - |
| **कुल योग** | **15,948** | **47.46** | **121,381** | **118.45** |

**अगस्त-19**

| एयरलाइन | रद्द | | देरी से 2 घंटे | |
|---|---|---|---|---|
| | प्रभावित पैक्स की संख्या | सुविधाओं और मुआवजे की स्थिति (लाख में) | प्रभावित पैक्स की संख्या | सुविधाओं की स्थिति (लाख में) |
| एयर इंडिया | 10037 | 15.24 | 46,160 | 54.23 |
| पवन हंस | 33 | 1.01 | 26 | - |
| स्पाइसजेट | 5858 | 33.07 | 47600 | 93.97 |
| गो एयर | 185 | - | 4703 | - |
| इंडिगो | 8187 | 0.23 | 95682 | - |
| एयर एशिया | 653 | 0.39 | 1264 | 3.52 |
| विस्तारा | 531 | 0.74 | 8100 | - |
| स्टार एयर | 201 | - | 39 | 0.07 |
| ट्रुजेट | 675 | 4.37 | 486 | 0.26 |
| एयर डेक्कन | 8 | 0.14 | 4 | - |
| **कुल योग** | **26,368** | **55.20** | **204,064** | **152.05** |

| जून 19 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एयरलाइन | रद्द | | देरी से 2 घंटे | |
| | प्रभावित पैक्स की संख्या | सुविधाओं और मुआवजे की स्थिति (लाख में) | प्रभावित पैक्स की संख्या | सुविधाओं की स्थिति (लाख में) |
| एयर इंडिया | 9324 | 22.11 | 52,934 | 87.47 |
| पवन हंस | 13 | 0.37 | - | - |
| स्पाइसजेट | 5966 | 20.36 | 39,795 | 67.95 |
| गो एयर | 219 | - | 1872 | - |
| इंडिगो | 3123 | 0.28 | 96,620 | - |
| एयर एशिया | 28 | 1.07 | 5345 | 12.99 |
| विस्तारा | 1109 | 8.66 | 12012 | 28.90 |
| स्टार एयर | 111 | 0.06 | 39 | 0.07 |
| ट्रुजेट | 48 | 1.17 | 275 | 0.08 |
| एयर डेक्कन | 32 | 0.48 | - | - |
| **कुल योग** | **19973** | **54.55** | **208,892** | **197.46** |

| सितम्बर 19 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एयरलाइन | रद्द | | देरी से 2 घंटे | |
| | प्रभावित पैक्स की संख्या | सुविधाओं और मुआवजे की स्थिति (लाख में) | प्रभावित पैक्स की संख्या | सुविधाओं की स्थिति (लाख में) |
| एयर इंडिया | 3050 | 18.92 | 58,147 | 52.14 |
| पवन हंस | 9 | 0.29 | 3 | - |
| स्पाइसजेट | 4723 | 37.53 | 47,825 | 62.73 |
| गो एयर | 345 | - | 5216 | - |
| इंडिगो | 11366 | 0.13 | 29,698 | - |
| एयर एशिया | 345 | 2.51 | 5589 | 19.76 |
| विस्तारा | 488 | 0.90 | 7878 | - |
| स्टार एयर | 187 | - | 39 | 0.07 |
| ट्रुजेट | 2826 | 2.20 | 48 | 0.03 |
| एयर डेक्कन | 2 | 0.04 | - | - |
| एयर हैरिटेज | - | - | 36 | 0.10 |
| **कुल योग** | **23,341** | **62.52** | **154,479** | **134.82** |

| जुलाई-19 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एयरलाइन | रद्द | | देरी से 2 घंटे | |
| | प्रभावित पैक्स की संख्या | सुविधाओं और मुआवजे की स्थिति (लाख में) | प्रभावित पैक्स की संख्या | सुविधाओं की स्थिति (लाख में) |
| एयर इंडिया | 10000 | 25.30 | 54,525 | 64.34 |
| पवन हंस | 13 | 0.37 | - | - |
| स्पाइसजेट | 15,149 | 75.35 | 64661 | 108.25 |
| गो एयर | 315 | - | 4378 | - |
| इंडिगो | 18,678 | 0.23 | 96,620 | - |
| एयर एशिया | 578 | 2.21 | 11,266 | 30.35 |
| विस्तारा | 2782 | 8.08 | 23,404 | - |
| स्टार एयर | 142 | 0.30 | 39 | 0.07 |
| ट्रुजेट | 601 | 9.35 | 441 | 0.18 |
| एयर डेक्कन | 14 | 0.12 | - | - |
| **कुल योग** | **48,272** | **121.33** | **255,334** | **203.19** |

| अक्टूबर-19 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एयरलाइन | रद्द | | देरी से 2 घंटे | |
| | प्रभावित पैक्स की संख्या | सुविधाओं और मुआवजे की स्थिति (लाख में) | प्रभावित पैक्स की संख्या | सुविधाओं की स्थिति (लाख में) |
| एयर इंडिया | 6485 | 20.81 | 63,189 | 62.93 |
| पवन हंस | 9 | 0.30 | 3 | - |
| स्पाइसजेट | 6885 | 24.23 | 45,326 | 80.29 |
| गो एयर | 106 | - | 4884 | - |
| इंडिगो | 9526 | 0.15 | 93,771 | - |
| एयर एशिया | 1176 | 21.22 | 4347 | 9.44 |
| विस्तारा | 465 | 0.29 | 7991 | - |
| स्टार एयर | 57 | - | - | - |
| ट्रुजेट | 980 | 0.82 | 103 | 0.02 |
| एयर डेक्कन | 10 | | - | - |
| एयर हैरिटेज | 77 | 1.08 | 77 | 1.08 |
| ज़ूम एयर | - | - | - | - |
| **कुल योग** | **25,776** | **68.89** | **219,691** | **153.76** |